# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने ग्रेटर नोएडा में भारत शिक्षा एक्सपो का किया शुभारम्भ। कहा– शिक्षा को संस्कार और रोजगार से जोड़ती है नई शिक्षा नीति।
- प्रदेश में उपचुनाव को लेकर प्रचार–प्रसार हुआ तेज। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में की जनसभा। सीसामऊ सीट को लेकर भाजपा ने की बैठक।
- प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के बाहर छात्रों ने किया प्रदर्शन। पीसीएस समेत आरओ, एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा एक दिन, एक शिफ्ट में कराने की उठाई मांग।
- अमरोहा के गंगाधाम तिगरी और गाजियाबाद के गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा मेला हुआ शुरू। गंगाधाम तिगरी में ग्यारह हजार दीप जलाकर उतारी गयी मां गंगा की आरती।
- इटावा के लालपुरा में एक सर्राफा कारीगर ने की पत्नी और तीन बच्चों की जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या। आत्महत्या करने के प्रयास में हुआ गिरफ्तार।

**********

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कल ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भारत शिक्षा एक्सपो का शुभारम्भ किया। यह एक्सपो कल तक चलेगा। एक्सपो के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीक से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो दुनियाभर के विश्वविद्यालयों को एक मंच पर लाकर शिक्षा में नवाचार और नई सोच को बढ़ावा देने का प्रयास है।

***नवाचार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है नई शिक्षा नीति में। एआई सेक्टर बढ़ रहे हैं। तकनीक को तेजी से जोड़ा जा रहा है। नई शिक्षा नीति के द्वारा अभी हाल ही में तीन नये सेंटर एक रोपड़ में आईआईटी को एग्रीकल्चर और इंटेलीजेंस से जोड़ा गया है। ऐसे ही कानपुर में आईआईटी स्मार्ट सिटी नगर के विकास को इससे जोड़ा गया है। केजी टू पीजी एक शिक्षा का सेंटर बने। हाल ही में हमारे मुख्यमंत्री के मार्ग निर्देशन में उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में 6 ऐसे शहर स्लेक्ट किये हैं जहां पर केजी टू पीजी का पूरा कैम्प शिक्षा का एक जगह होगा।***

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिये चुनाव प्रचार तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किये गये अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कानपुर में सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को लेकर कल संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के कार्योंका लेखाजोखा लेकर जनता के बीच जायेंगे।

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कानपुर की सीसामऊ सीट पर भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस सीट पर भाजपा और सपा के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशी के लिये जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

***सीसामऊ विधानसभा सीट पर भाजपा ने सुरेश अवस्थी को टिकट दिया है। जबकि समाजवादी पार्टी से एमपी एमएलए कोर्ट से आगजनी सहित अन्य मामलों में सजा सुनाये जाने के बाद जेल में सजा काट रहे पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को इंडिया गठबंधन ने सपा से प्रत्याशी बनाया है। वही बहुजन समाज पार्टी ने वीरेंद्र कुमार शुक्ला को टिकट दिया है। जबकि सीसामऊ उपचुनाव के लिए सीसामऊ विधानसभा सीट पर पिछले तीन विधानसभा चुनाव में इरफान सोलंकी ने विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है। एमपी एमएलए कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई थी। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर नगर।***

**********

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के इक्यावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो एक दिन पूर्व सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**********

आगरा के एयरफोर्स स्टेशन पर कल एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, एओसी–इन–सी सेंट्रल एयर कमांड ने भारतीय वायुसेना सी–295 फुल मोशन सिम्युलेटर (एफएमएस) सुविधा का उद्घाटन किया। यह सिम्युलेटर पायलटों को पैराड्रॉपिंग, पैराट्रूपिंग और आपदा

राहत सहित अन्य मिशनों का अनुकरण करके यथार्थवादी वातावरण में प्रशिक्षण देने में सक्षम बनाता है। यह सुविधा सी–295 बेड़े की परिचालन क्षमता में वृद्धि करेगी।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष दो हजार पच्चीस की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के लिये परीक्षा केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया को सार्वजनिक कर दिया है। परिषद की ओर से इस प्रक्रिया को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के प्रधानाचार्य या प्रबंधक परीक्षा के निर्धारण में किसी प्रकार की शिकायत माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर चौदह नवम्बर तक कर सकते हैं।

**********

उत्तर प्रदेश पीसीएस प्री दो हजार चौबीस और आरओ–एआरओ प्री दो हजार तेइस की परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में ही कराये जाने की मांग को लेकर कल प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के सामने धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ पुलिस की झड़प भी हुई। उधर, आयोग के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता और गुणधर्मिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चयन प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया है कि परीक्षा की व्यवस्था में यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट के आदेश के दायरे में किया गया। पीसीएस प्री की परीक्षा सात और आठ दिसम्बर को प्रस्तावित है। वहीं आरओ/एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा–2023 बाइस और तेइस दिसम्बर को कराई जानी है।

**********

अमरोहा के गंगा धाम तिगरी और गाजियाबाद के गढ़मुक्तेश्वर में कल से कार्तिक पूर्णिमा मेला शुरू हो गया। अमरोहा में इसका उद्घाटन प्रदेश के पर्यावरण और वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने गंगा में दुग्धाभिषेक करके किया। इस मौके पर ग्यारह हजार दीप जलाकर गंगा आरती की गई। कार्तिक पूर्णिमा मेले का मुख्य स्नान पन्द्रह नवम्बर को होगा।

**********

अयोध्या में प्रसिद्द कार्तिक पूर्णिमा मेले के दूसरे चरण की पंचकोसी परिक्रमा कल से शुरु हो गई। यह आज दोपहर ग्यारह बजकर अड़तीस मिनट तक चलेगी। प्रशासन ने पंचकोसी परिक्रमा के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.....

***पंचकोसी परिक्रमा तो कल दोपहर एक बजकर चौवन मिनट पर देवोत्थानी एकादशी के शुभ मुहूर्त लगते ही श्रद्धालुओं ने उठा ली और सारी रात परिक्रमा अपनी गति से चलती रही,किंतु उदया तिथि की मान्यता रखने वाले खासकर नगरीय श्रद्धालुओं ने आज ब्रह्म मुहूर्त से परिक्रमा उठाई, 18 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग पर लगातार धार्मिक जयघोष गूंज रहे हैं,इस बार रामलला के अपने भवन में स्थापित होने और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का उल्लास हर परिक्रमार्थियों के चेहरे पर झलक रहा है, तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या***

उधर मथुरा–वृन्दावन में भी अक्षय नवमी और देवोत्थान एकादशी की परिक्रमा हो रही है। वहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा कर रहे हैं।

**********

आगामी पन्द्रह नवम्बर को प्रदेश भर में देव दीपावली का पर्व श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जायेगा। वाराणसी में इस अवसर पर गौ माता के गोबर से बनाये गये दीयों से काशी के घाट जगमगायेंगे। इन दीयों को बनाने का काम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही है। एक रिपोर्ट.....

***स्वयं सहायता समूहों की 25 परिवारों की महिलाएं इस कार्य में जुटी हुई हैं और उनका लक्ष्य 30,000 गोबर से बने दीप तैयार करना है। पहले जहां देव दीपावली पर महिलाएं मुश्किल से 400–500 रुपये कमाती थीं, अब उन्हें इस कार्य के लिए लगभग 4,000 से 5,000 रुपये की आय हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह ।***

**********

इटावा कोतवाली क्षेत्र के लालपुरा में एक सर्राफा कारीगर द्वारा अपनी पत्नी और तीन बच्चों की जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दिये जाने की खबर है। पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या करने के प्रयास में पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इटावा पुलिस घटना का कारण पता लगाने में जुटी हुयी है।

**********

छठ पूजा के बाद अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलायी गयी। इसी क्रम में कल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अलग–अलग रूटों से तैंतालीस विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया।

**********